‘स्वस्थ हरियाणा’ ऐप

चर्चा में क्यों?

19 अक्तूबर, 2021 को हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने लोगों को नागरिक अस्पतालों में लंबी लाइनों से निजात दिलाने के लिये ‘स्वस्थ हरियाणा’ मोबाइल ऐप लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु

- इस ऐप के माध्यम से कोई भी मरीज़ प्रदेश के किसी भी नागरिक अस्पताल में अपना इलाज करवाने के लिये रजिस्ट्रेशन कर सकता है।
- ‘स्वस्थ हरियाणा’ मोबाइल ऐप हरियाणा के स्वास्थ्य संस्थानों में स्टेट हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर **(HSHRC)** द्वारा बनाया गया है।
- इस मोबाइल ऐप द्वारा मरीज़ों का एडवांस रजिस्ट्रेशन, मरीज़ों का जनसांख्यिकीय विवरण से भरा जा सकेगा और मरीज़ अपना भूतपूर्व रजिस्ट्रेशन का रिकॉर्ड देख पाएंगे।
- साथ ही, मरीज़ अपनी इच्छानुसार किसी भी स्वास्थ्य संस्थान व ओपीडी का चयन कर सकेंगे तथा मरीज़ों को निकटतम ब्लड बैंक की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swasth-haryana-app